इंदौर, शुक्रवार, 24 अप्रैल 2015

दबंग City

# स्वामी विवेकानंद कॉलेज में साइबर क्राइम पर कार्यशाला

**इंदौर।** स्वामी विवेकानंद कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग द्वारा साइबर क्राइम को लेकर विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें मुख्य वक्ता आईजी वरुण कपूर थे। कार्यशाला की शुरुआत दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। अतिथि स्वागत डॉ. यूबीएस चंद्रावत और कृपा शंकर द्वारा किया गया। इसमें आईजी कपूर ने विद्यार्थियों को इंटरनेट के इस्तेमाल के दौरान सावधानियां बरतने का सुझाव दिया। दुनिया हमारी अंगुलियों पर है, लेकिन हमें इसके लिए तीन चीजें चाहिए वो है फोन, नेट कनेक्शन और अंगुली। साइबर क्राइम किसी के साथ भी हो सकता है। इसमें जिसका ई-मेल आईडी हो, सोशल नेटवर्किंग वेबसाइट का सदस्य, व्यापार के लिए ऑनलाइन ट्रांजिक्शन करने वाले आदि शामिल हैं। कार्यशाला में 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपनी जिज्ञासाओं के उत्तर पाए। अंत में कॉलेज की ओर से अतिथि आईजी कपूर को प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया।